




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई–पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 233 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 07 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया


# नियमों के फेर में उलझी सुविधाएं..!

## कॉलोनी हुई वैध, बिजली कनेक्शन के देना पड़ रहे अधिक रुपए

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** आमजन को सुविधा देने के लिए सरकार चाहे कितने भी आदेश निकाल दें। लेकिन, कई बार सरकारी सेक्टर में काम कर रही कंपनियों और विभागों के खुद के नियम इतने भारी पड़ते हैं कि वे सरकार से ऊपर हो जाते हैं। मप्र सरकार द्वारा पिछले साल अवैध से वैध की गई शहर की विभिन्न क्षेत्रों में 225 से अधिक कॉलोनियों में भी बिजली कनेक्शन लेने वालों के साथ ऐसा ही हो रहा है।

सरकार के निर्देश पर तत्कालीन कलेक्टर ने कॉलोनियों को वैध कर दिया था। अब ये नगरपालिका की देखरेख में हैं। इनमें मूलभूत सुविधा सरकारी एजेंसी नगरपालिका या अन्य विभाग को अपने स्तर पर जुटाकर देना है। जब कॉलोनियां वैध की गई तब सीएम से लेकर विधायक और अन्य नेताओं ने बड़े-बड़े वादे किए थे कि अब रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें भवन निर्माण परमिशन से लेकर बिजली कनेक्शन मिल सकेगा। जो आर्थिक कमजोर या निम्न आय वर्ग वाले परिवार हैं, उन्हें किसी तरह का विकास शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। नगरपालिका में इसी विकास शुल्क की छूट के लिए आवश्यक इंडब्ल्यूएस व एलआईजी प्रमाण-पत्र बनाकर कोई नहीं दे रहा। इसलिए वहां जो परेशानी आ रही वो अपनी जगह है। लेकिन, एक नई परेशानी बिजली कंपनी की तरफ से भी खड़ी हो गई है।

### 2300 रुपए की जगह देने पड़ रहे15 हजार...

बिजली कंपनी का नियम है कि यदि कंपनी नियमों की दृष्टि से कॉलोनी वैध है और 500 वर्गफीट क्षेत्रफल वाले मकान में स्थायी कनेक्शन चाहिए तो विभिन्न डिपाजिट मिलाकर सिर्फ 2300 रुपए ही देना पड़ेंगे। जबकि उसी एक किलोवाट क्षमता का स्थायी कनेक्शन किसी अवैध या अनाधिकृत कॉलोनी में लेना है तो फिर बिजली अधोसंधारण शुल्क के नाम पर 15 हजार रुपए देना होंगे। यदि भूखंड साइज 1 हजार वर्गफीट है तो यही शुल्क सीधे दोगुना यानी 30 से 35 हजार रुपए तक पहुंचेगा। अब समस्या ये है कि सरकार द्वारा वैध की गई नगर की इन 225 से अधिक कॉलोनियों में भी यही अवैध वाला बिजली अधोसंधारण शुल्क वसूला जा रहा है। अस्थायी कनेक्शन के भी 5 हजार लग रहे है और बिल सीधे एक हजार रुपए प्रति महीना आता है। 100 यूनिट से कम खपत पर भी सब्सिडी नहीं, क्योंकि अस्थायी टैरिफ रेट अलग है और फिक्स चार्ज भी लगता है।

### कलेक्टर के हस्तक्षेप से निकल सकता है हल...

कॉलोनियों में से भी जिन कॉलोनियों में पहले से ट्रांसफॉर्मर लगे या खंभे व लाइनें हैं, वहां भी कनेक्शन देने पर 15 हजार रुपए जमा करवाए जा रहे हैं। ये सिर्फ नियमों की आड़ है। जबकि, जहां पुराना विद्युतीकरण है वहां तो कंपनी को अलग से कुछ नहीं करना है सिर्फ मीटर लगाकर कनेक्शन देना है, वो भी नहीं कर रहे है। एक अवैध कॉलोनी में दुकान का संचालन करने वाले प्रदीप शर्मा ने कहा घर के पास ही बिजली खंभा है। लेकिन, वहां से कनेक्शन देने में भी अवैध कॉलोनी का शुल्क मांग रहे और कह रहे कि विद्युतीकरण कंपनी नियमों के अनुसार नहीं है। इसलिए उसे नहीं मानेंगे। अब कलेक्टर शासन के प्रतिनिधि हैं तो वे हस्तक्षेप कर हमारी बात शासन तक पहुंचाएं या कोई पत्राचार जिम्मेदारों से करें, तभी हल निकलें।

### सवाल यह भी...

कंपनी के नियम से कालोनी का विद्युतीकरण सहित सभी कार्य होना चाहिए, तभी उसे वैध माना जाएगा। इधर जब 15 हजार रूपए ले रहे है तो भी नया कुछ नहीं किया जा रहा है। कनेक्शन तो उसी पुरानी लाईन से ही दिया जा रहा है तो उपभोक्ताओ के साथ चोट क्यों की जा रही है?



### कंपनी के अफसर भी नियम में बंधे...

कंपनी के अफसर भी नियमों में बंधे है। कंपनी सप्लाई कोड (नियमों) में स्पष्ट है जिस कॉलोनी में विद्युतीकरण कम्पलीट नहीं, वो कॉलोनी कंपनी दृष्टि से वैध नहीं है। सरकार ने उक्त कॉलोनी वैध करके नपा को हैंडओवर कर दी। अब जिम्मेदारी नपा की है कि वह कॉलोनियों में विद्युतीकरण करे या फिर हमें एस्टीमेट की पूरी राशि दे तो हम किसी एजेंसी से विद्युतीकरण पूरा करवाएंगे। नियम स्पष्ट है जब तक लोड क्षमता अनुसार नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण (खंभे व केबल कार्य) नहीं होगा तब तक हम वैध नहीं मान सकते यानी वहां कनेक्शन लेने वालों पर अधोसंधारण शुल्क जमा करवाना होगा, तभी स्थायी कनेक्शन मिलेगा।



## रंगदारी टेक्स की मांग करने वाले पर प्रकरण दर्ज

### आरोपी फरार, दुकानदार से कहा था– मंदसौर में रहना है तो पांच लाख देना पड़ेंगे

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** एक दुकानदार को धमकाकर उससे रंगदारी टेक्स की मांग करने वाले आरोपी पर शहर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी फरार हो गया है, जिसे पुलिस तलाश रही है।


शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि सुनील पिता प्रभूलाल कोठारी को राहुल पिता रमेशचंद्र संगतानी निवासी स्टेशन रोड पारख कॉलोनी द्वारा धमकाया गया। जिसके बाद सुनील ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। सुनील ने पुलिस को बताया कि मुझे राहुल संगतानी द्वारा धमकियां दी गई। उसने कहा कि 'तू गलत काम करके कमाई कर रहा है। मुझे पैसे देना पड़ेंगे, नहीं तो मैं तुझे धंधा नहीं करने दूंगा।' इसके बाद 05 जून की रात 11.00 बजे राहुल संगतानी ने मोबाईल नंबर 7000627354 से वाट्सअप काल करके मुझे घर से बाहर बुलाया। राहुल यहां बाइक लेकर आया था। सुनील के मुताबिक घर के बाहर उसके साथ गाली गलौज की गई। राहुल संगतानी ने कहा कि तुने अभी तक मंदसौर नहीं छोड़ा। अगर मंदसौर में रहना है तो तुझे अभी 05 लाख रुपये देना पड़ेंगे। नहीं तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने रंगदारी के आरोप में राहुल संगतानी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक राहुल पर पहले भी 3–4 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस उसे तलाश रही है।

## आचार संहिता में जय भीम के नारे लगाने पर 7 के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता के दौरान पटाखे फोड़कर जय भीम के नारे लगाने पर पर पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से चन्द्रशेखर आजाद की जीत पर गांव बादपुर में जुलूस निकालकर, फटाखे फोड़कर जय भीम के नारे लगाने के मामले में बूढ़ा चोकी पुलिस ने गांव के प्रदीप पिता भागीरथ मेघवाल, पारस पिता बद्रीलाल मेघवाल, मुकेश पिता नंदराम मेघवाल, चेनराम पिता भंवरलाल मेघवाल, रवि उर्फ राजकुमार पिता मांगीलाल मेघवाल, जमक पिता प्रभुलाल मेघवाल रामलाल पिता अमरलाल मेघवाल के खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया।

## हमीरगढ़ खेड़ा का पूर्व सरपंच लापता, बस स्टेण्ड पर मिली बाईक

**भानपुरा, 06 जून गुरु एक्सप्रेस। ग्राम पंचायत हमीरगढ़ खेड़ा के पूर्व सरपंच 55 वर्षीय विजेंद्रसिंह चंद्रावत**



**मंगलवार 4 जून की प्रात: 8 बजे अपने निवास हमीरगढ़ से भानपुरा आए थे। वे विद्युत स्टेबलाईजर खरीदने हेतु आए थे, जो शाम तक घर पर नहीं पहुंचे वे अपना मोबाइल भी घर पर ही भूल आए थे। उनकी बाईक नए बस स्टैंड स्थित भंडारी मेडिकल के सामने खड़ी मिली।**

परिजनों द्वारा अपने समस्त रिश्तेदारों से संपर्क किए जाने पर भी पूर्व सरपंच विजेंद्रसिंह चंद्रावत का कोई पता नहीं चला है। बुधवार शाम को उनके 28 वर्षीय पुत्र भानुप्रताप सिंह द्वारा पुलिस थाना भानपुरा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। बताते है कि हंसमुख एवं अपने मधुर व्यवहार के लिए जाने, जाने वाले पूर्व सरपंच श्री चंद्रावत के घर से इस तरह लापता होने से बड़ी संख्या में शुभचिंतकों में चिंता व्याप्त है। उनके पुत्र ने श्री चंद्रावत के दिखाई देने पर मोबाइल नंबर 9425992759 पर सूचना देने की अपील की है।



### मामला लाल चंदन की तस्करी का...

# पांच दिन की रिमांड पर बाप–बेटे

## दलौदा पुलिस ने ट्रक से बरामद किया था 12 क्विंटल लाल चंदन

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा पुलिस ने एक ट्रक से 12 क्विंटल लाल चंदन जप्त किया है। जिसकी कीमत 60 लाख रूपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने ट्रक व चंदन जप्त कर ट्रक चालक पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया था। दोनो आरोपियो को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने दोनो को 11 जून तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है। अब पुलिस आरोपियो से विस्तृत पूछताछ कर तस्दीक करेगी। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियो ने दलौदा के इमरान को यह चंदन देने की बात कही है। पुलिस इमरान को भी तलाश रही है।

दलौदा पुलिस ने बताया कि आदर्श आचार संहिता में अंतर जिला चेक पोस्ट रामदेव ढाबे के सामने महू नीमच हाईवे रोड कचनारा पर चेकिंग के दौरान ट्रक एमपी 09 जीएच 9201 को रोककर तलाशी ली। ट्रक के अन्दर प्लास्टिक की कैरेटो के नीचे अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा लाल चंदन मिला। पुलिस ने बताया कि ट्रक से कुल 41 नग लकड़िया कुल वजनी 12 क्विटल जब्त किया गया। मामले में आरोपी ट्रक चालक अनवर पिता गुल मोहम्मद पठान उम्र 51 वर्ष निवासी निम्बोद थाना भावगढ व दाउद पिता अनवर पठान उम्र 28 वर्ष निवासी निम्बोद थाना भावगढ जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दलौदा के इमरान को यह चंदन दिया जाने वाला था। पुलिस ने इमरान के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बलदेवसिहं चौधरी, चौकी प्रभारी उनि पुर्णिमा सिहं सिरोहिया, प्रआर प्रफुल्ल, राजपालसिंह, गोपालसिंह झाला, आर श्रवण परमार, भुपेन्द्र शिकारी, सैनिक पंकज, यशपालसिंह, हरपेन्द्रसिहं, बाबुलाल का योगदान रहा।

# देश में 22 हजार विद्यालय संचालित करती है विद्या भारती

## नौ हजार विद्यालय नि:शुल्क चलाये जा रहे, 8 सैनिक स्कूल भी संचालित

### अभा साधारण सभा की तीन दिवसीय बैठक मंदसौर में कल से



**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, देश भर में बिना सरकारी सहायता के शिक्षा के क्षेत्र में प्रयोग करने वाला सबसे बड़ा संगठन है, जिसके माध्यम से देश भर में लगभग 22000 विद्यालय संचालित होते हैं, जिनमें 12000 से अधिक औपचारिक विद्यालय हैं। परंतु समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसे अभी भी शिक्षा एवं संस्कार की आवश्यकता है। अर्थात वे जनजाति क्षेत्र है, पर्वतीय क्षेत्र तथा अन्य चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। जहां शिक्षा की व्यवस्था हेतु शासकीय या निजी विद्यालय नहीं हैं। क्योंकि, वहां के निवासियों की शुल्क देने की क्षमता नहीं है। देश भर में 9 हजार से अधिक ऐसे विद्यालय संचालित होते हैं, जिनमें विद्या भारती द्वारा कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है।

यह बात विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर ने कहीं। वे मंदसौर सैनिक स्कूल परिसर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया की अगले वर्ष की कार्य योजना बनाने एवं पिछले वर्ष की समीक्षा करने हेतु वर्ष भर में दो बार विद्या भारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी व साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाती है। इस वर्ष की अखिल भारतीय साधारण सभा बैठक मंदसौर में 8, 9 एवं 10 जून को आयोजित की जा रही है। जिसमें देश भर के सभी क्षेत्रों एवं प्रांतों के अध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, केन्द्रीय विषयों के प्रमुख और विभिन्न प्रांतों में दायित्व संभालने वाले प्रदेश निरीक्षक स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहने वाले हैं। इनकी कुल संख्या 350 से अधिक होगी। इस 3 दिवसीय बैठक में कुछ प्रमुख विषय जैसे आगामी वर्ष की कार्य योजना, विस्तार और विकास की योजना, वर्ष 2027 में विद्या भारती के काम को चलते हुए 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इस निमित्त अमृत महोत्सव किस प्रकार मनाया जाना है, उसकी योजना बनाई जाएगी। इसके साथ ही अभी... **शेष पेज 4 पर**

# चंबल में डूबने से किसान की मौत

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** बसई गांव के एक किसान की चंबल नदी में डूबने से मौत हो गई। किसान का खेत नदी किनारे है। वह हमेशा की तरह नदी में नहाने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नदी की गहराई में चला गया गया और डूबने से उसकी मौत हो हो गई।



चंबल में किसी व्यक्ति के डूबने की सूचना के बाद सीतामऊथाना प्रभारी मोहन मालवीय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। करीब एक घंटे की तलाशी के बाद नदी से शव निकला गया। मृतक की पहचान लारनी गांव निवासी नारायण सिंह भंवर सिंह उम्र 65 साल के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक का खेत नदी के निकट ही है। मृतक हमेशा की तरह गुरुवार सुबह नदी में नहाने गया था इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतामऊ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पीएम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### एटीएम लूट के प्रयास में सिक्योरिटी गार्ड की हत्या करने वाले ...

# दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रथम जिला एवं सत्र न्यायधीश मंदसौर द्वारा एटीएम लूट के प्रयास में गार्ड को गोली मारकर हत्या करने के आरोप में महेश पिता भगवती प्रसाद गंधर्व, उम्र 24 साल निवासी पिपलिया खुर्द एवं पंकज पिता बापूलाल गुर्जर उम्र 21 साल निवासी पिपलियाखुर्द थाना कुकड़ेश्वर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 7 हजार रूपये अर्थदंण्ड से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गईं। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई 2017 को स्टेट बैंक मेन ब्रांच मंदसौर से एटीएम का पैसा लेकर कंपनी के कर्मचारी अजय माली, लोकेश भट्ट, अनिल राठौर एवं सजय लोट पिपलिया मंडी चौपाटी के एटीएम पर गए थे। अनिल राठौर व लोकेश भट्ट एटीएम के अंदर कैश लोड करने गये, तभी वहां दो मोटर साईकिलों पर तीन-तीन बदमाश बैठकर मंदसौर की तरफ से आये। उनमें से दो बदमाश शटर उठाकर अंदर घुसे और पैसे लोड कर रहे कस्टीडीयन से रूपयों का बैग छीनने का प्रयास करने लगे। गार्ड संजय लोट ने उनको रोका तो उसे एक बदमाश ने गोली मार दी। यह देख आसपास के लोग चिल्लाने लगे। इतने में बदमाश मोटर साईकिल स्टार्ट कर नीमच की तरफ भाग गये।

गार्ड संजय जिसे गोली लगी थी, उसे वेन में लेकर अस्पताल गये। जहां उसकी मृत्यु हो गयी। मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना पिपलिया मंडी पर धारा 395, 396, 350 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान आरोपी महेश गंधर्व, पंकज गुर्जर, लालचंद गुर्जर, शिवलाल गुर्जर, करण गुर्जर, इंदरसिंह गुर्जर, दशरथ गुर्जर की संलिप्तता पाये जाने से उनको गिरफतार किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा चिन्हित जघन्य सनसनीखेज की श्रेणी में रखा गया था।

न्यायालय ने अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्को से सहमत होकर आरोपी महेश व पंकज को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। शेष आरोपी लालचंद गुर्जर, शिवलाल गुर्जर, करण गुर्जर, इंदरसिंह गुर्जर, दशरथ गुर्जर को दोषमुक्त किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री निर्मला सिंह चौधरी एवं प्रकरण में सक्रिय सहयोग सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

### किसान आंदोलन की बरसी...

# मृतक किसानों के स्मारकों पर किया माल्यार्पण

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** किसान आंदोलन की सातवीं बरसी पर लोद, चिल्लोद पिपलिया, टकरावद, नयाखेड़ा, बरखेड़ा पंथ में लगी मृतक किसानो की प्रतिमाओं पर किसान संगठनों एवं परिजनो ने माल्यार्पण किया। इसके साथ ही अंदोलन के प्रमुख केंद्र रहे पिपलिया मंडी के बही चौपाटी पर मौन रखकर सभी मृतक किसानों को श्रद्धांजलि दी गई।



किसान नेता महेश व्यास ने बताया कि 07 वर्ष पूर्व अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे किसानो पर गोलिया चलाई गई थी। इसमें छह किसानों की मौत हो गई थी। किसान अब भी अपने हक की लड़ाई लड रहे है। आज तक ना तो एमएसपी लागू की गई ना ही कर्जमाफी की गई। किसानों को अपनी उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा। प्राकृतिक आपदा से जिन भी किसानों की फसलें खराब हुई, वे मुआवजे लिये दर-दर भटक रहे है। जिन किसानों की हत्या की गई, उनके परिवारों को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया। किसान नेता व्यास ने कहा की किसानों के लिये संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। शहीदों के स्मारक पर माल्यार्पण एवं मौन श्रद्धांजलि के अवसर पर किसान नेता महेश व्यास लदूसा, अमृतराम पाटीदार, दिलीप पाटीदार बुढ़ा, शेलेन्द्रसिंह कामरेड नीमच, रामचन्द्र, कचरूलाल चुड़ावत, कुंजीलाल, मदनलाल वर्मा, मूलचंद पाटीदार, जगदीश पाटीदार, कंवरलाल, मधुसुदन, मुकेश नागदा, कृपालसिंह मण्डलोई, सुभाष, जगदीश, दिनेश पाटीदार बालागुढ़ा मौजूद रहे।

### चुनाव नहीं इसलिए तेजी नहीं...

इस समय विधानसभा और लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके है। इसलिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में तेजी नहीं दिखाई दी। यदि चुनाव के पहले किसानो आंदोलन की बरसी आती तो प्रदेश सहित देश के कई स्वयंभू किसान नेता भी घड़ियाली आंसू बहाते हुए किसानो की हत्या पर सरकार को कोसते हुए किसानो की सहानुभूति बटोरने का प्रयास करते। यही कारण है कि मृतक किसानो को श्रद्धांजलि देने के लिए गिनती के किसान और नेता इकट्ठे हुए?

# देश का दुर्भाग्य:46 फीसदी सांसदों का आपराधिक रिकॉर्ड

## 93 फीसदी करोड़पति, केवल 14 फीसदी महिलाएं

**नई दिल्ली, 06 जून।** हाल ही में हुए 18वें लोकसभा चुनावों में कुल 543 में से केवल 74 महिला उम्मीदवारों, यानी मात्र 14 प्रतिशत ने जीत हासिल की, जबकि 251 (46%) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जबकि 504 (93%) 'करोड़पति' हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा 2024 में विश्लेषण किए गए 543 विजयी उम्मीदवारों में से 251 (46%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में जीतने वाले कम से कम 170 उम्मीदवारों ने बलात्कार, हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से संबंधित गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि वर्ष 2019 के लिए, यह 159 सांसद थे जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए विश्लेषण किए गए 539 सांसदों में से 233 सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। विजेता उम्मीदवारों के खिलाफ पार्टीवार आपराधिक मामलों के संबंध में, जो अब संसद में सीटों पर कब्जा करेंगे, 240 विजेता उम्मीदवारों में से 63 भाजपा से हैं, 99 विजेता उम्मीदवारों में से 32 कांग्रेस से हैं, 37 में से 17 विजेता उम्मीदवार हैं। 29 में से 7 विजयी उम्मीदवार सपा से, 7 तृणमूल कांग्रेस और अन्य ने मैदान में उतारे। विश्लेषण किए गए 543 विजयी उम्मीदवारों में से 504 (93%) करोड़पति हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए विश्लेषण किए गए 539 सांसदों में से 475 (88%) सांसद करोड़पति थे। इस मामले में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी ने इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें बीजेपी के 240 में से 227 विजेता उम्मीदवार, कांग्रेस के 99 में से 92 विजेता उम्मीदवार, डीएमके के 22 में से 21 विजेता उम्मीदवार, 29 में से 27 विजेता उम्मीदवार मैदान में उतरे। तृणमूल कांग्रेस, आप के 3 में से 3 विजयी उम्मीदवार, जदयू के 12 में से 12 विजयी उम्मीदवार और टीडीपी के 16 विजयी उम्मीदवारों ने 1 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। इस सूची में शीर्ष तीन सबसे अमीर उम्मीदवारों में, टीडीपी के डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी 5705 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद तेलंगाना (भाजपा) के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी हैं, जिनके पास 4568 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है और उद्योगपति हैं। 1241 करोड़ रुपये से अधिक के साथ भाजपा के नवीन जिंदल (हरियाणा)। शीर्ष 10 सबसे अमीर उम्मीदवारों में से पांच भाजपा से, तीन टीडीपी से जबकि दो कांग्रेस से हैं।

सबसे कम संपत्ति वाले तीन शीर्ष उम्मीदवार पश्चिम बंगाल से ज्योतिर्मय सिंह महतो (भाजपा) हैं, जिनकी संपत्ति 5 लाख रुपये से अधिक है, इसके बाद टीएमसी से मिताली बाग हैं, जिनकी संपत्ति 7 लाख रुपये से अधिक है और समाजवादी पार्टी से प्रिया सरोज हैं, जिनकी संपत्ति 11 लाख रुपये से अधिक है। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक विजेता उम्मीदवार की संपत्ति का औसत 46.34 करोड़ रुपये है। प्रमुख दलों में, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 50.04 करोड़ रुपये है, कांग्रेस के 99 विजेता उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 22.93 करोड़ रुपये है, समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 22.93 करोड़ रुपये है। विजेता उम्मीदवारों के पास औसत संपत्ति 15.24 करोड़ रुपये है, 29 टीएमसी विजेता उम्मीदवारों के पास औसत संपत्ति 17.98 करोड़ रुपये है और अन्य।

**लिंग विवरण**–इस वर्ष लोकसभा चुनाव में 74 (14%) महिला विजयी उम्मीदवार हैं। इनमें 31 (13%) बीजेपी से, 13 (13%) कांग्रेस से, 11 (38%) टीएमसी से, 5 (14%) समाजवादी पार्टी से, 2 (40%) एलजेपी से हैं (राम) विलास) और अन्य। लोकसभा चुनाव 2019 में विश्लेषण किए गए 539 सांसदों में से 77 (14%) सांसद महिलाएं थीं। इसी प्रकार वर्ष 2014 और 2009 के आँकडे क्रमश: 14 प्रतिशत और 11 प्रतिशत थे।

**शैक्षिक विवरण**–कम से कम 105 (19%) विजेता उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं पास और 12वीं पास के बीच घोषित की है, जबकि 420 (77%) विजेता उम्मीदवारों ने स्नातक और उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता होने की घोषणा की है। 17 विजेता उम्मीदवार ऐसे हैं जो डिप्लोमा धारक हैं और 1 विजेता उम्मीदवार ने खुद को सिर्फ साक्षर बताया है।

**आयु वर्ग**–58 (11%) विजेता उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 280 (52%) विजेता उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार, 204 (38%) विजेता उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है और 1 विजेता उम्मीदवार ने अपनी आयु 82 वर्ष घोषित की है।





### नपा परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत...

## जन जागरूकता रैली निकाली, तेलिया तालाब पर किया श्रमदान

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा गुरूवार को म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की मंशा के अनुरूप विशाल जनजागरूकता रैली जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निकाली गई। जल स्त्रोतों एवं जल सरंचनाओं के संरक्षण, पुर्नजीवन एवं पय्रवरण संरक्षण हेतु निकाली गई। गाधी चौराहा से प्रारंभ हुई यह रैली जिला चिकित्सालय केसामने, बीपीएल चौराहा, महू- नीमच रोड़ हो हुए तेलिया तालाब, यशोधर्मन प्रतिमा स्थल तक पहुंची। रैली में शामल जनप्रतिनिधियों ने तेलिया तालाब किनारे पड़े कुड करकट को हटाने हेतु यहां श्रमदान भी किया। रैली व श्रमदान के माध्यम से नपा परिषद ने नगरवासियों को आव्हान किया कि वे अपने जल स्त्रोतों का रखरखाव व संरक्षण करे तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता रखे। रैली के शुभारंभ अवसर पर संतश्री मिथिलेष नागर, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर,नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला,वरिष्ठभाजपा नेता पारस मावर, विजय सुराना पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष अजय आसेरी जलकार्य सभापति निलेश जैन भी मंचासीन थे। रैली के समापन अवसर पर पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया भी शामिल हुए और उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर सहित नपा के पार्षदगणों के साथ तेलिया तालाब पर श्रमदान किया। इस रैली में नपा सभापतिगण श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती शांति दिनेश फरक्या, श्रीमती कौशल्या बंधवार, पार्षदगण भारती पाटीदार, गरिमा हितेन्द्र भाटी, माया भावसार, सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, युसुफ गोरी, राकेश भावसार, अमन फरक्या, नरेन्द्र बंधवार, नंदलाल गुजरिया, कपिल भण्डारी, कमलेश सिसौदिया, ईश्वरसिह चौहान, आशीष गौड, सुनील जैन महाबली, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण सर्वश्री डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान, विकास भण्डारी, संजय श्वेता, नरेन्द्र चौधरी, डॉ. मजहर हुसैन, सत्येन्द्रसिंह सोम, कन्हैयालाल सोनगरा, सुभाष गुप्ता, सुभाष बग्गा, वरदीचंद कुमावत, डॉ. देवेन्द्र पौराणिक, राजेश गुर्जर, डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, विजयसिंह पुरावत, बी.आर. मुजाल्दे, दिलीप ग्वाला, रफत पयामी, शैलेन्द्र गोस्वामी, बंटी चौहान, डॉ. सौरभ तोमर, रचना डोसी, डॉ. आरती जैन, सीएमओ सुधीरकुमारसिंह सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिकगण भी शामिल हुए। संत श्री मिथिलेष नागर ने कहा कि नगरपालिका का पर्यावरण संरक्षण को लेकर जो प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है प्रकृति को कुछ देना हमारी प्राथमिकता होना चाहिये। आगामी वर्षा ॠतु में हम बड पीपल व नीम के पौधे जरूर लगाये ताकि पर्यावरण स्वस्थ हो। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि आज जो पर्यावरण प्रदूषित है उसी के कारण आज गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। गर्मी के कारण दोपहर में काम करना मुश्किल हो गया है हमें यदि स्थिति को सुधारना है तो पेड़ पौधे लगाने होंगे। उनका संरक्षण करना पड़ेगा। हम प्रकृति का शोषण नहीं पोषण करें तभी पर्यावरण की रक्षा होगी, हमारी रक्षा होगी। पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि नपा परिषद ने रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूकता का जो संदेश दिया है वह अनुकरणीय है। आज साथक संस्था ने 200 पौधे नि:शुल्क बांटे है यह भी सराहनीय है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि नपा परिषद नगर की सभी संस्थाओं के प्रति आभारी है उन्होंने हमारे निवेदन पर इतनी बड़ी संख्या में रैली में भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन निलेष जैन ने किया व आभार नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने माना।



## नमामि गंगे अभियान के तहत मेनपुरिया में निकली कलश यात्रा


**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मप्र शासन व जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर नमामि गंगे अभियान 5 से 15 जून तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मेनपुरिया में 6 जून कोकलशयात्रा निकाली गईजिसकेमाध्यम से जल बचाने का संदेश दिया गया।

कलश यात्रा ढोल के साथ ग्राम पंचायत से शुरू होकर गांव के विभिन्न मोहल्ले से होकर निकाली गई। समापन बालाजी मंदिर में हुआ। यहां जल बचाओ-जीवन बचाओ को लेकर ग्रामीणों को बताया गया। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती चंपाबाई ओकारलाल माली ने बताया कि नमामि गंगे योजना में कलश यात्रा निकाल कर अभियान का शुभारंभ किया है। आगामी दिनों में पुराने कुओं, बावड़ियों की सफाई करना, गाद निकालना, तालाब से मिट्टी निकालना, जन सहयोग से जल बचाओ-जीवन बचाओ पर कार्य करना, पेड़-पौधे लगाना सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। जल व जीवन बचाने के लिए ग्रामीणों व सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर जल बचाने का कार्य करना होगा। पेड़-पौधे लगाने होंगे। कलश यात्रा के बाद तालाब में पूजा कर मिट्टी निकालने का कार्य शुरू किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद मंदसौर से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था से उषा सोलंकी, पंचायत सचिव ग्रामीण सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व पंच मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया का जिला कलेक्टर को पत्र...

## कृषि उपज मंडी में फर्जी तरीके से नकली पर्चियों के मामले में कही कार्रवाई की बात

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने कृषि उपज मंडी में फर्जी तरीके से नकली पर्चियो के आधार पर व्यापारियों से धनराशि तथा नकली किसान बनकर किसानों की जींस की चोरी किए जाने वाली गैंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव को पत्र लिखा है।



श्री सिसोदिया ने पत्र में लिखा कि मंदसौर की कृषि उपज मंडी उज्जैन संभाग की सर्वश्रेष्ठ आदर्श मंडी के रूप में जानी जाती है। हजारों किसान प्रतिदिन इस मंडी में अपनी जींस को बेचने आते हैं। मंडी का परिसर अधो संरचना विकास, व्यापारियों, तुलावटीयो एवं हम्माल, सभी प्रकार की व्यवस्थाओं से किसान इस मंडी पर विश्वास और भरोसा भी करते हैं। बड़े जतन एवं मुश्किलों तथा चुनौतियों का सामना करते हुए मंदसौर मंडी इस मुकाम पर पहुंची है। जनप्रतिनिधि/ संचालक मंडल का निर्वाचन नहीं होने के कारण सारी व्यवस्था पर निगाह नियंत्रण, शिकायत का निराकरण, कार्य व्यवस्था का संपूर्ण दायित्व मंडी में भार साधक अधिकारी एसडीएम तथा मंडी सचिव पर निर्भर है। मंडी में इन दिनों दो प्रकार की गैंग ने घुसपैठ कर अपनी जगह बना ली है। जिसमें एक गैंग फर्जी किसान बनकर व्यापारियों से भुगतान वसूल प्राप्त कर रही है। एक सप्ताह में ऐसी दो पर्चियां पकड़ी गई है। व्यापारियों ने सबूत भी दिए हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ उनकी धरपकड, रोकथाम एवं कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। फर्जी पर्चियो का नया खेल मंदसौर मंडी में ही सामने आया है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह बेकाबू हो जाएगा। दूसरा एक नया मामला मेरी जानकारी में आया है कि एक वर्ग विशेष के लोग जिनकी संख्या लगभग सो बताई जा रही है, नकली किसान बनकर आते हैं। जींस की नीलामी के बाद लहसुन जैसी फसल के बड़े ढेर के पास अवांछित और असामाजिक तत्व 50 किलो से लगभग 1 क्विंटल की अपनी छोटी ढेरी को बड़े किसानों की लहसुन की फसल के पास नीलाम होने के बाद, जब किसान अपनी फसल को समेट कर व्यापारियों के लिए बोरियो में भरता है, तब मौके की ताक में बैठे ये अअवांछित और शरारती तत्व बड़े ढेर में से उनके छोटे ढेर में जींस को अपनी ओर खींच लेते हैं। क्योंकि किसान का अपना ध्यान सिर्फ जींस को समेटने में लगता है। इस समय उसकी उपज चुरा ली जाती है। जानकारी में आया है कि ऐसी पूरी गैंग प्रतिदिन मंडी में आती है और मौके का फायदा उठाती है। किसान की फसल को चुराकर अपनी फसल का वजन बढ़ा लेती है। अत: मेरा अनुरोध है कि ऐसे अपराधिक तत्वों पर लगाम लगाई जाए।

### लाखों का जुआ, एसपी के निर्देश पर पड़ा छापा...

## चौबीस जुआरियों से साढ़े बारह लाख रु. नगद बरामद, डीडी नगर थाना प्रभारी निलम्बित

**रतलाम, 06 जून गुरु एक्सप्रेस। शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस की मिलीभगत से जुआ सट्टा चलाए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा ने आज बडी कार्यवाही करते हुए सागोद रोड स्थित एक काटेज पर चलाए जा रहे जुए के बडे अड्डे पर छापा डलवाया। इस छापे में पुलिस ने 24 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुए के अड्डे से साढे बारह लाख रु. नगद भी बरामद किए गए है। इस मामले में डीडीनगर थाना प्रभारी को जिम्मेदार मानते हुए एसपी श्री लोढा ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को निलम्बित कर दिया है।**

पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा ने बताया कि उन्हे अपने सूत्रों से यह जानकारी मिली थी कि सागोद हरथली रोड के एक काटेज में धडल्ले से जुआ चल रहा है। इसमें सम्बन्धित पुलिस थाने के अधिकारियों की भी मिलीभगत है। सूचना पर एसपी श्री लोढा ने पुलिस लाइन में पदस्थ एक सब इन्स्पेक्टर प्रताप भदौरिया के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम बनाकर उक्त काटेज पर छापा मारने भेजा। पुलिस टीम ने काटेज पर जुआ खेल रहे चौबीस जुआरियों को धर दबोचा। जुए के इस अड्डे से पुलिस ने साढे बारह लाख रु. नगद भी बरामद किए है। थाना क्षेत्र में बैखौफ चल रहे जुए के अड्डे के लिए डीडी नगर थाना प्रभारी अर्जुन सेमलिया को जिम्मेदार मानते हुए एसपी श्री लोढा ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।



## स्वदेशी जागरण मंच ने वल्लभ नगर स्थित उद्यान में किया पौधरोपण

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में स्थानीय वल्लभ नगर स्थित उद्यान में पौधारोपण किया गया। इस दौरान वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के नारे के साथ क्षेत्र में जनजागरूकता भी फैलाई गई। कार्यक्रम सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, सहसंयोजक महेंद्र सिंह राजावत, दिलीप चौधरी, वरिष्ठसमाजसेवी सुनील योगी, सुभाष गुप्ता, विनोद गगरानी, के सी जैन, पीएम भंडारी, आरसी सुहेल, श्री सुनार्थी, रश्मि राठौर, पूर्व पार्षद सुभाष गडवाल, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, सहसंयोजक किशन पांडे, कनिष्क शर्मा, जितेंद्र पाटीदार, निलेश कुमावत, भारत ओझा, उदित जैन, सतीश बैरागी, देवेंद्र भारती ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया गया और इन पौधों की देखरेख का संकल्प लिया गया।

## श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में शिवानी बाबूजी का वर्षी उत्सव मनाया





**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य स्वामी टेऊँरामजी महाराज के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे चालीसा महोत्सव के आज छठे दिवस को सुबह अमृत वेला में श्री प्रेम प्रकाश आश्रम के सत्संग हाल में सिन्धी समाज के सेवाभावी स्तम्भ पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत के आशीर्वाददाता श्री झूलेलाल सिन्धु महल के प्रेरणादाता बैंकमर्मी एवं नगर में शिवानी बाबूजी के नाम से प्रसिद्ध स्व. श्री चन्द्रकुमार शिवानी की बारहवीं एवं आपकी धर्मपत्नी धर्मनिष्ठ श्रीमती कमलादेवी शिवानी की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर

श्रीमती पुष्पा पमनानी एवं मण्डली ने श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के ब्रह्मदर्शनी एवं शांति के दोहो कि व्याख्या करते हुए कहा

ब्रह्मदर्शिनी ज्ञान बनावे, पाचो भेद भ्रांति मिटावे, ब्रह्मदर्शनी ब्रह्म दिखावे सुख स्वरूप में सहज लगाये, ब्रह्मदर्शनी भव सिन्धु तारे, पाप नाथ संताप निवाए, ब्रह्मदर्शनी जो नित पढता, बंधन कार होये सो मुक्ता ब्रह्मदर्शनी घोरजोई, टेऊँ सब फल पावे सांई । इस अवसर पर गादीपति सतगुरू स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज के मुखारविन्द का विडियो सत्संग का संगत व श्रवण कर अपने आपको धन्य समझा। इस अवसर पर शिवानी ने बताया कि आचार्य सद्गुरू स्वामी टेऊँराम महाराज के 138वें जन्मोत्सव एवं 1 जून से 11 जुलाई 2024 तक चल रहे चालिसे महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में सत्संग प्रसाद के आयोजन का सिन्धुजन संगत आनन्द प्राप्त कर रही है। पुरुषोत्तम शिवानी ने यह भी जानकारी दी है जिनका सामूहिक भोग महोत्सव 11 जुलाई 2024 को आचार्यश्री के जन्मोत्सव पर होगा। आप श्रद्धालु अवश्य साक्षी बने। इस अवसर पर प्रारंभ में अजय शिवानी, श्रीमती निर्मला शिवानी, पुरुषोत्तम शिवानी, दिव्या-नारायण,जयेश-वैदई ,गिरीश शिवानी श्रीमती पुष्पा पमनानी, दृष्टनद नैनवानी, वासुदेव सेवानी,नंदू आडवाणी, बृजलाल नैनवानी,जय कुमार व मनोज सेवानी ,ने स्व. श्रीमती कमलादेवी एवं चन्द्रकुमार शिवानी के चित्रों पर माल्यार्पण किया एवं दीपक जलाकर नमन किया। इस अवसर पर बाबूजी के स्नेही मित्र मण्डल एवं सिंधी समाज के सैकड़ों महानुभावों ने आश्रम में आकर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन के पुष्प अर्पित किये। अंत में आभार प्रदर्शन अजय शिवानी एवं पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी ने प्रकट किया।

### ताशपत्ती से जुआ खेलते 5 को पकड़ा

**नाहरगढ़, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते 5 को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने गांव मोतीपुरा सामुदायिक भवन के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए मोतीपुरा निवासी कारुलाल पिता नाथूराम बंजारा, कोट पिपलिया निवासी रईस पिता भूरेशाह फकीर को पकड़ा। इसी तरह एक अन्य मामले में ताशपत्ती से जुआ खेलतते हुए मोतीपुरा निवासी श्रवणसिंह पिता लक्ष्मणसिंह राजपूत, जयसिंह पिता देवा बंजारा व कारुलाल पिता हरजी बंजारा को भी ताशपत्ती से जुआ खेलते पकड़ा। सभी आरोपियों से नकदी भी बरामद हुई। दोनों के खिलाफ जुआ एक्ट में केस दर्ज किया।

## जिन कमेटियों का कार्यकाल खत्म हो गया वहां जल्द नई कमेटियां बनेगी

### नाहर सैयद बाबा की दरगाह पर जिला वक्फ़ बोर्ड की बैठक संपन्न



**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला वक्फ़ बोर्ड कमेटी की एक अहम बैठक हजरत नाहर सैयद बाबा की दरगाह पर संपन्न हुई।

बैठक में भाजपा जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अमजद पठान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी, जिला वक्फ़ बोर्ड उपाध्यक्ष शाकिर हुसैन गढवी, जिला वक्फ़ बोर्ड सदस्य एडवोकेट अनवर अहमद मंसूरी ने बैठक को संबोधित किया। नाहर सैयद बाबा की दरगाह पर चादर पेश कर बैठक की शुरुआत की बैठक में सभी कमेटीयों के पदाधिकारी व सदस्य गण का गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया । बैठक में श्री अनवर अहमद मंसूरी ने बताया की जो कमेटीयों का कार्यकाल खत्म हो चुका है वहां जल्द से जल्द नई कमेटियां बनाएं और जो कमी पेशी है उसे पूरा करें। बैठक में अंजुमन सेकेट्री आबिद हुसैन मच्छीवाले, वक्फ़ बोर्ड जिला सदस्यगण इमरान अब्बासी, हारून लाला, फाजिल हयात मेंव, यासीन मेव, सिद्धीक शाह, महफूज खान, अजीजुल्लाह खालिद सर, हारून कुरैशी, शकील खान नूरानी, जुल्फिकार शाह, नासिर भाई, महमूद भाई, गुलखान लाला, सलमान शेख, मेहमूद खान, साबिर गढवी उर्फ बाबू भाई आदि बैठक में उपस्थित थे।

## निर्वाचन सम्पन्न होने पर कलेक्टर ने दी बधाई

### निर्वाचन अधिकारी-कर्मचारियों का किया सम्मान

**नीमच, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने गुरूवार को भारत निर्वाचन कार्यालय के सभाकक्ष नीमच में जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारियों व्दारा टीम भावना के साथ समय सीमा में अपने दायित्वों के निवर्हन की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने पूरी निष्ठ, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ सौंपे गये दायित्वों को तत्परतापूर्वक समय-सीमा में पूरा कर, अनूठी मिसाल कायम की है। जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने का सारा श्रेय नीमच के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है। कलेक्टर ने भविष्य में भी टीम भावना से निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ दायित्वों के निवर्हन की अपेक्षा की है। कलेक्टर श्री जैन ने जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों व्दारा समर्पित भाव से की गई सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ.राजेश पाटीदार नीमच जिले के लिए एक धरोहर के समान है। उनकी विषय पर अच्छी पकड है, उनकी कार्यक्षमता एवं विषय का ज्ञान अदभुत है। कलेक्टर ने कहा कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू की समन्वय क्षमता भी बेहतरीन रही है।

## नीट यूजी में भक्ति अग्रवाल ने बाजी मारी

### भक्ति का सर्जन डॉक्टर बनकर सेवा का लक्ष्य

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के परिणाम आ गए हैं जिसमें मंदसौर के सत्यम विहार कॉलोनी निवासी भक्ति अनिल अग्रवाल ने उच्च अंक लाकर बाजी मारी। उल्लेखनीय की नीट परीक्षा परिणाम में मंदसौर शहर के कई विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर बाजी मारी है जिसमें भक्ति अग्रवाल ने उज्जैन की आकाश एजुकेशन इंस्टिट्यूट से कोचिंग प्राप्त करते हुए कोचिंग के तीन बेस्ट टॉपर स्कोर में स्थान प्राप्त किया है।



भक्ति अग्रवाल ने बताया कि वे मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश लेकर सर्जन चिकित्सक बनना चाहती है प्रतिदिन वह 8 से 10 घंटे तक लगातार पढ़ाई करती थी और टीवी और मोबाइल से भी उसने दूरी बना रखी थी जरूरी आवश्यकता पड़ने ओर पढ़ाई के दौरान ही वह मोबाइल का उपयोग करती थी। कक्षा 12वीं में भी वह दिल्ली पब्लिक स्कूल में टॉपर रही। माध्यमिक शिक्षा मंडल से उसने 12 वीं की परीक्षा दी थीं जिसमें उसने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया था। नीट यूजी की परीक्षा में 23 लाख बच्चों में से भक्ति ने 720 में से 668 अंक प्राप्त कर देश के टॉप स्कोरर विद्यार्थियों में स्थान बनाने में सफल हुई। उल्लेखनीय की भक्ति के पापा अनिल अग्रवाल एक व्यवसाई होने के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। और मम्मी रानी अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा अध्यक्ष, सहित अग्रवाल समाज और जैन समाज की अनेक संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं।



## बावड़ी वाले बालाजी पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर के वार्ड क्रमांक 19 बावड़ी वाले बालाजी पर श्रमदान स्वच्छता सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मंदसौर एवं नगरपालिका मंदसौर के सहयोग से आज बालाजी वाली बावडी कालाखेत नयापुरा रोड पर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आगे की कार्य योजना बनाई। श्रमदान के समय वरिष्ठसामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, वार्ड पार्षद शांतिबाई फरक्या, वार्ड पार्षद सुनीता भावसार जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता नितिन सोनी, अजीजुल्लाह खान, अमन फरक्या, ललित भाटी, प्रकाश राठौड़, रेखा बैरागी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, रतनलाल चौहान, लाला भाई, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से संतोष सालवी एवं शहर के कई सामाजिक कार्यकर्ता व वार्डवासीयों ने श्रमदान किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 62 | 2321 | 2393 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3217 | 4001 | 4781 |
| गैहु | 5116 | 2260 | 2981 |
| चना | 512 | 5961 | 6769 |
| मसुर | 156 | 5700 | 6299 |
| धनिया | 500 | 5100 | 7276 |
| लहसुन | 12500 | 6000 | 18000 |
| मैथी | 843 | 4800 | 6000 |
| अलसी | 940 | 5401 | 6150 |
| सरसो | 405 | 4096 | 5498 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 110 | 10900 | 14200 |
| प्याज | 2041 | 650 | 2000 |
| कलोंजी | 18 | 16600 | 19000 |
| डॉलर | 62 | 5100 | 9250 |
| तिल्ली | 144 | 10500 | 12491 |
| मटरसुखी | 2 | 2501 | 2501 |
| असालीया | 103 | 8700 | 10101 |







## कोमल बाफना परिवार के द्वारा शनि मंदिर परिसर में महाप्रसादी सम्पन्न

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाजसेवी श्री कोमल बाफना परिवार के द्वारा खानपुरा स्थित भगवान शनिदेव के मंदिर परिसर में भगवान शनिदेव की जयंती के उपलक्ष्य में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में धर्मालुजनों ने पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण की। प्रात: 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक बाफना परिवार के द्वारा यह आयोजन हुआ। प्रात:काल 6 बजे कोमल बाफना एवं श्रीमती जमना बाफना ने भगवान शनिदेव की प्रतिमा की विशेष पूजा की एवं उसके बाद उसका तेलाभिषेक किया। बुधवार की रात्रि को भगवान शनिदेव के मंदिर पर आर्कषक विद्युत साज सज्जा भी की गई।

# सम्भागायुक्त उज्जैन व्दारा जावद के रैंजर का निलम्बन आदेश जारी

**नीमच, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** सम्भागायुक्त उज्जैन सम्भाग उज्जैन श्री संजय गुप्ता, व्दारा नीमच जिले के वन परिक्षेत्र जावद के रैंजर श्री विपुल प्रभात करोरिया को म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन अवधि में श्री करोरिया का मुख्यालय वन मण्डलाधिकारी कार्यालय नीमच जिला नीमच रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्तें की पात्रता रहेगी।

इस संबंध में जारी आदेशानुसार ग्राम जनकपुर तहसील जावद स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 625, 626, 632/2 रकबा क्रमश: 1.990 हैक्टेयर 2.420, 34.650 जुमला रकबा 39.060 हैक्टेयर में से रकबा 18.020 हैक्टेयर भूमि नवीन औद्यौगिक स्थापना हेतु औद्यौगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, भोपाल को न्यायालय कलेक्टर नीमच व्दारा हस्तांतरित की गई थी। उक्त भूमि वर्तमान में राजस्व रिकार्ड में औद्यौगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग भोपाल के नाम भूमि स्वामी अधिकार में दर्ज हैं तथा उक्त भूमि पर सनलाईट एवं एल्कोलाईट प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा निर्माण कार्य प्रचलित है। ग्राम जनकपुर स्थित उक्त भूमि के संबंध में वर्तमान में वन विभाग द्वारा आपत्ति जताई हैं। उक्त भूमि राजस्व विभाग के आधिपत्य की हैं। वर्तमान में आपत्ति को देखते हुए 30 मई 2024 को संयुक्त निरीक्षण में सरपंच एवं कम्पनी के कर्मचारियों के समक्ष 31 मई 2024 को पुन: सीमांकन कर पुन:सीमाएँ वन विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। परन्तु संयुक्त टीम के मौके से जाने के पश्चात कम्पनी के कर्मचारी द्वारा बताए अनुसार एवं पुलिस चौकी डिकेन में की गई रिपोर्ट अनुसार रेंजर श्री विपुल प्रभात करौरिया मौके पर लगभग 40 कर्मचारियों/व्यक्तियों के साथ उपस्थित हुए तथा मौके पर कार्यरत कम्पनी का सामान भरकर ले गए थे तथा कम्पनी के कुछ कर्मचारियों के मोबाईल छिनकर ले गए तथा उनके वाहनों की गाड़ियों की चाबी छिनकर ले गए तथा उनपर जबरदस्ती दबाव बनाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए।श्री विपुल प्रभात करौरिया, रेंजर के उक्त कृत्य से मौके पर कानून और व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति निर्मित हो गई तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के विपरीत कार्य करने से किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। उक्त घटना के विडियों वायरल हुए जिससे शासन की छवि खराब हुई। श्री विपुल प्रभात करौरिया, रेंजर का उक्त कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के प्रतिकूल तथा कदाचरण की श्रेणी में होने से उनके विरूद्ध म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत सम्भागायुक्त उज्जैन व्दारा निलम्बन की कार्यवाही की गई है।

## आधार, नामांकन और अपडेशन की सुविधा उपलब्ध

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षक डाकघर मंदसौर ने बताया कि मंदसौर जिले के डाकघरों में आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। मंदसौर जिले के चयनित डाकघरों में मंदसौर प्रधान डाकघर, मंदसौर सिटी उपडाकघर, गुराड़िया देदा शाखा डाकघ्झर, सीतामउ उपडाकघर, नाहरगढ उपडाकघर, दलौदा उपडाकघर, पिपलिया उपडाकघर, मल्हारगढ उपडाकघर, सुवासरा मंडी उपडाकघर, शामगढ उपडाकघर, गरोठ उपडाकघर, भानपुरा उपडाकघर में नवीन आधार पंजीयन एवं आधर अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। जिले की जनता से अनुरोध है कि डाकघरों में से अपने क्षेत्र के नजदीक डाकघरों में सम्पर्क कर सुविधा का अधिक से अधिक लाभ लेवें।

# स्काउट गाइड जिला संघ की बैठक में वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ,जिला आयुक्त स्काउट जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाबी के आदेश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जिले के वरिष्ठ स्काउटर/गाइडर विकासखंड एवं संकुल केंद्र स्काउट गाइड प्रभारी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विकासखण्ड स्काउट प्रभारी और संकुल के प्रभारी उपस्थित रहे। जिला रोवर्स कमिश्नर महंत एनडी वैष्णव ने प्रदेश राज्य मुख्यालय से प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा कर राज्य ,संभाग ,जिला, ब्लॉक, तहसील पर होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा की।



गत वर्ष पूरे देश में मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड ने प्रथम स्थान पर प्राप्त किया इसके लिए राज्य मुख्य आयुक्त पारस चंद्र जैन एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी वहीं प्रदेश में मंदसौर जिले के स्काउट गाइड की गतिविधियों में अपना उल्लेख योगदान दिया है, इसके लिए जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी जिले की प्रभारी एवं प्रदेश स्काउट गाइड उपाध्यक्ष दीपिका बैरागी, जिला संघ अध्यक्ष नारायण सिंह ढाकनी को बधाई दी। कार्यक्रम में मंदसौर जिले में अगले वर्ष जिला स्तरीय शिक्षकों का बेसिक स्काउट और कैंप बंजारी बालाजी मंदसौर एवं गाइडर के मल्हारगढ के जैन विद्यालय में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, स्काउट का द्वितीय सोपान शिविर मंदसौर में और तृतीय सोपान शिविर भी मंदसौर में ही आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया है। बैठक में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य बालागंज सुदीप दास वरिष्ठ स्काउटर प्रभारी मंदसौर मनोहर लाल शर्मा, गरोठ विकासखंड प्रभारी राजेश कुमार पांडे, मल्हारगढ़ प्रभारी प्रकाश पटेल, संयुक्त सचिव स्काउट अशोक शर्मा सहसचिव सुरेश भावसार के साथ ही जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख, सुखदेव बोरीवाल आदि ने बैठक में भाग लिया बैठक के पश्चात स्काउट गाइड प्रतिनिधियों को जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज द्वारा जूनियर रेड क्रॉस और स्काउट गाइड की तरफ से पक्षियों को जल पात्र सकोरे प्रदान किए गए। कार्यक्रम के पश्चात स्काउट गाइड ने मंदसौर कलेक्टर कार्यालय में एडीएम श्रीमती एकता जायसवाल एवं जेके जैन की उपस्थिति में सकोरे बांधे गए, तहसील कार्यालय, एसपी ऑफिस वायडी नगर थाना आदि स्थानों पर भी स्काउट गाइड ने सकोरे बांधे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार बग्गड़ का निधन

**नगरी, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त



शिक्षक अशोक कुमार बग्गड़ का बुधवार शाम को लंबी बिमारी के बाद 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम यात्रा गुरूवार को इनके निवास स्थान बग्गड़ घाटी उगमनी पट्टी क्षेत्र से निकली। अंतिम यात्रा में नगरी के साथ ही आसपास के धाकड़ बाहुल्य गांवों से बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। स्थानीय मुक्तिधाम पर दोनों पुत्रों जयप्रकाश एवं डॉ. गोपाल कृष्ण बग्गड़ ने मुखाग्नि दी। बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व पार्षद पाठक को पितृशोक

**पिपलियामंडी, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व पार्षद अनिल पाठक के पिता, सेवानिवृत शिक्षक भेरुलाल पाठक का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गुरुवार को शासकीय अस्पताल मार्ग स्थित उनके निवास से निकली अंतिमयात्रा में समाजजनों, गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से शामिल होकर पाठक को श्रद्धांजलि दी।

# आचार्य श्री अभयसूरिजी का अमृत महोत्सव, महामांगलिक आज

**कई उद्योगपति व मंत्री करेंगे शिरकत, सकल जैन समाज की नवकारसी होगी**

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** आज 7 जून शुक्रवार को बही पाश्वनाथ में अभय अमृत उत्सव समारोह का भव्य आयोजन होगा। इस आयोजन में देश भर से हजारों धर्मप्रेमी भाग लेने आ रहे है। आज पूरे सकल जैन समाज तथा ग्राम का प्रीतिभोज भी आयोजित होगा।

यह समारोह तपागच्छ कार्यवाहक, गच्छाधिपति जैनाचार्य श्री अभयदेवसूरिश्वरजी म. सा. के जीवन के 75 वर्ष पूर्णता के निमित्त आयोजित हो रहा है। तथा इसे सफल बनाने में आचार्य श्रीमद् विजय मोक्षरत्नसूरीश्वरजी म. आदि, ठाणा ग्राम बही में पहुंच गए है। आज आचार्य श्री अभय देव सूरी जी मा सा के द्वारा मंगल कारी महा मांगलिक भी प्रदान की जाएगी। आज अमृत महोत्सव के पहले दिन श्री विमल सुदर्शन चंद्र परमार्थिक जैन ट्रस्ट - उदयपुर - वही एवं श्री अभय अमृतवर्ष महोत्सव समिति द्वारा द्वि दिवसीय कार्यक्रम की कल शुरुवात में शांतिधारा अभिषेक तथा सांय 6.30 बजे महाआरती एवं संगीत संध्या आयोजित की गई। जिसमे देश के बड़े सगीतकारो ने भक्ति की शमा बंधी। आज दिनांक 7 जून को प्रात: 8.45 श्री अभिनव सम्मेत शिखर तीर्थ तख्ती का अनावरण, श्री प्रकाशचंद रसकीलाल धारीवाल के हाथों से तथा ध्वज अमृत महोत्सव का समापन समारोह आयोजित होगा। बाद में प्रात: 10.15 पर श्री बाबुलाल मिश्रीलाल भंसाली का सम्मान एवं दोपहर 1.30 पर महामांगलिक होगा। दोपहर 12.30 बजे से सकल जैन समाज की नोकारसी श्री संघ स्वामीवात्सल्य तथा पूरे ग्राम का भोजन होगा। यह भोज बही के श्री सम्मेतशिखर तीर्थ परिसर में ही होगा। इस अवसर पर जैन समाज के कई. अग्रणीय उद्योगपति, कई राज्यों के मंत्रीगण पधार रहे है। श्री विमल सुदर्शन चंद्र परमार्थिक जैन ट्रस्ट - उदयपुर - वही एवं श्री अभय अमृतवर्ष महोत्सव समिति ने सकल जैन समाज के समस्त लोगो से कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।

## शराब पार्टी में पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** शराब पार्टी करने के बाद मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। कुम्हारी निवासी राजेश पिता मोहनलाल गायरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई खेत के पडोसी लक्ष्मण के खेत पर महेश, भरत व शोभाराम बावरी के साथ शराब पार्टी कर खाना खाया। बाद में घर जाने की बोला तो तीनों ने गाली-गलौज की। लात-घुसों से लकड़ी से पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।





# जागरूकता हेतु मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मीडिया अधिकारी श्री कश्यप द्वारा बताया गया कि जून माह मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मलेरिया जागरूकता हेत मलेरिया रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविन्दसिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मलेरिया रथ गाँव- गॉव जाकर आमजन मे मलेरिया जागरूकता, मलेरिया बचाव एवं मलेरिया कैसे फैलता इसके बारे में प्रचार-प्रसार करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी से अपील की गई कि घरों में रखे कूलर, मटके, पक्षी पात्रों की सप्ताह में 1 दिन सफाई एवं सुखाकर कर पानी भरे ताकि लार्वा उत्पन्न ना हो। अपने घरों के आसपास गंदगी जमा ना होने दे। रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। एवं पूरी आस्तीन के कपड़े पहने। बुखार आने पर तत्काल आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर खून की जांच करावे ध्यान रहे कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। सांयकाल अपने घरों के आसपास नीम के पत्तों का धुआं करें।

## देश में 22 हजार विद्यालय संचालित... पेज 1 से जारी

तक जिन क्षेत्रों में हम नहीं पहुँचे हैं, उन में भी पहुँचने की योजना बनाएंगे। पूरे देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है, जिसमें विद्या भारती के विद्यालय नहीं हैं। कश्मीर के लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक, कच्छ से मिजोरम तक सभी राज्यों में विद्या भारती के विद्यालय संचालित हैं। केन्द्रशासित प्रदेशों में से केवल लक्षद्वीप है जहाँ हमारा कोई विद्यालय संचालित नहीं है। वर्तमान में संचालित 22 हजार से अधिक विद्यालयों में 1 लाख 32 हजार से अधिक आचार्य बन्धु-भगिनी इनमें पढ़ने वाले 34 लाख से अधिक भैया-बहिनों के जीवन का निर्माण करने का कार्य कर रहे हैं।

**ऋषि मुनियो द्वारा बताई गई व्यक्तित्व विकास पद्धति से चलते हैं स्कूल**–ये सामान्य रूप से चलने वाले, शुल्क लेकर पढ़ाने वाले विद्यालय मात्र नहीं है। भारत के ऋषि-मुनियों ने व्यक्तित्व विकास की जो पद्धति दी है, उसके आधार पर बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्या भारती के विद्यालयों में किया जाता है। विद्या भारती द्वारा सर्वांगीण विकास हेतु पंचकोशात्मक विकास की अवधारणा को अपनाया जाता है, जिसमें शरीर के विकास के लिए शारीरिक शिक्षा, प्राणशक्ति विकास के लिए योग शिक्षा, मानसिक की शक्ति के विकास के लिए संगीत की शिक्षा, बौद्धिक विकास के लिए संस्कृत की शिक्षा और व्यवहारात्मक विकास के लिए नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, इन पांच आधारभूत विषयों के आधार पर भैया/बहिनों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। वर्तमान में युवा पीढी में निराशा, कुण्ठा, अवसाद तथा नशा आदि की समस्याओं का सामना करने में यह पाठ्यक्रम उन्हें सहायता करते है।

**सिखाते हैं वैदिक गणित के सूत्र**–वैदिक गणित के सूत्रों के माध्यम से गणित की सभी विधाओं के प्रश्नों को हल करने की पद्धति को सिखाने के साथ अखिल भारतीय स्तर तक गणित मेला तथा छात्रों में वैज्ञानिक अभिरूचि जाग्रत करने के लिए अखिल भारतीय विज्ञान मेला का आयोजन किया जाता है। विद्यालय से अखिल भारतीय स्तर तक खेलकूद समारोह आयोजित किया जाता है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (ड्ळ्च्ख) द्वारा विद्या भारती को राज्य की मान्यता दी गई हैं, जिसमें प्रतिवर्ष हमारे भैया / बहिनों द्वारा कीर्तिमान स्थापित किये जाते हैं। कौशल विकास की महत्ता को देखते हुए 5 जनशिक्षा केन्द्र, लगभग इतने ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई डें) भी संचालित है।

**शिक्षा नीति में निभाई अहम् भूमिका**–राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम निर्माण में भी विद्या भारती ने अहम भूमिका निभाई है। विद्या भारती द्वारा आयोजित गोष्ठियों से प्राप्त संकलित सुझावों को नीति में स्थान दिया गया हैं। देश की अगली पीढ़ी के राष्ट्रभक्त तथा उत्तरदायी नागरिक तैयार करना शिक्षा का प्रमुख कार्य है। विभिन्न विद्यालयीन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रबोध, समाजबोध, संस्कृतिबोध तथा अध्यात्मबोध जगाने के प्रयास किये जाते हैं। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिवर्ष 20 लाख से अधिक छात्र तथा 2.5 लाख के अधिक आचार्य एवं अभिभावक सम्मिलित होते है।

**एक विश्वविद्यालय, 54 महाविद्यालयों का संचालन**–देशभर के सभी राज्यों के बोर्ड परीक्षा परिणामों की मेधावी छात्र सूची में विद्या भारती के छात्रों की बड़ी संख्या प्रतिवर्ष रहती है। विद्यालयों तथा आचार्यों र्की शैक्षणिक गुणवत्ता विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निरन्तर आयोजित होते हैं। जिस प्रकार के सैनिक विद्यालय परिसर में हम इस समय उपस्थित हैं, देश भर में विद्या भारती द्वारा 8 सैनिक विद्यालयों का भी संचालन किया जाता है। विद्या भारती उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करती है। देश में 54 महाविद्यालय तथा एक विश्वविद्यालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त आयोजित महाविद्यालयों की संख्या 350 से अधिक है। तीन दिवसीय चलने वाली इस बैठक में अनेक विषयों पर चर्चाएँ होने वाली हैं, अवश्य ही उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, क्षेत्रीय मंत्री विवेक शेंडेय, मालवा प्रान्त सचिव प्रकाशचंद्र धनगर, सैनिक स्कूल प्राचार्य श्रीमती सरोज प्रसाद भी उपस्थित थे।

## छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पीटा

**पिपलियामंडी, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** छेड़छाड का आरोप लगाकर युवक को पीटा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मल्हारगढ़ पुराना बाजार निवासी इनायत पिता एहमद मन्सूरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर पर भोला पिता अमजद मेव, रमीज पिता जाकिर मेव, सद्दाम पिता भूरा मेव आए ओर बोले कि तूने हमारी बहन को छेड़ा है, घर पर मेरी बहन हारुन, रुखसार व हीना ने बोला कि तुम्हारी बहन ने कल मोटर साइकल तेज चलाकर लाई थी, हमने केवल समझाया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर इनायत से गाली-गलौज की व लात-घुसों से मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# विधि महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन अनुसार पंच-ज अभियान अन्तर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस से 15 अगस्त 2024 तक (72 दिवसीय) प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपरण विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा श्री जवाहर लाल नेहरू विधि महाविद्यालय, मंदसौर में वृक्षारोपरण किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुणाल शक्तावत, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में



विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

विशेष न्यायाधीश श्री अजय कुमार सिंह ने वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाये जाने में विधि विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य विधि महाविद्यालय में उपस्थित विधि विद्यार्थियों को सम्बोधित कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुये अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण का संरक्षण करना कितना जरूरी है, इस बात अहसास आमजन को भी इस वर्ष की गिर रही अत्यधिक गर्मी ने दिला दिया है। अधिक से अधिक वृक्षारोपरण एवं स्वच्छता से ही हम पर्यावरण को सरंक्षित कर, जन-जीवन को सुरक्षित रख सकते है। विधि महाविद्यालय में विद्यार्थीगण ने महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाये एवं उनका संरक्षण करने के साथ ही, अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं अन्य लोगों को भी इस हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने की शपथ ली।



# शा. कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया

**मंदसौर, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में दिनांक 05 जून 2024 को पर्यावरण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डा.हरिश व्यास प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जिस मालवा क्षेत्र में प्रसिद्ध कहावत थी कि पग-पग रोटी डग-डग नीर। इसी मालवा क्षेत्र में आज पेयजल की समस्या भयानक रूप लेती जा रही है। बढ़ता हुआ तापक्रम एवं घटती हुई हरियाली हमारे कर्मो र्का ही परिणाम है जिसका आने वाली पीढी सहन भी नहीं कर पायेगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा.उमा गगरानी द्वारा अतिथिद्वय डा.हरिश व्यास एवं डा.अल्का व्यास का स्वागत किया। पर्यावरण दिवस पर प्राचार्य, अतिथिद्वय, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया एवं हरितिमा का संदेश दिया। महाविद्यालयीन स्टाफ में डा.पी.एल.पाटीदार, सुश्री नौरीन कुरैशी, श्री कांतिलाल कुमावत, डा.अखलाक मन्सूरी, डा.सपना डे, डा.आरिफ पठान, श्री दिलीपसिंह कांदिल, श्री मनीष पांचाल, डा.अनुराग आर्य श्रीमती चन्द्रकला चैहान, श्री गोपाल मारू आदि उपस्थित थे।

# अजा/अजजा विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए-गुरूप्रसाद

**जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न**

**नीमच, 06 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के कल्याण एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का अनिवार्य रूप से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों तथा महाविद्यालय स्तर पर लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करें। यह बात श्री गुरूप्रसाद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नीमच ने गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार श्री अरविन्द शर्मा, सहायक संचालक, अनुसूचित जाति विकास, भोपाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्री गुरूप्रसाद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नीमच ने स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के उपखण्डवार लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को उक्त लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिये। कक्षा 9 वीं से 12 वीं के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के स्कूलों में प्रवेश की तुलना में शत-प्रतिश त प्रोफाईल पंजीयन नहीं होने के संबंध में भी समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों के आधार, बैंक खाते को डीबीटी एक्टिव कराने, जाति प्रमाण प्रमाण पत्र में सुधार आदि की समस्याओं के निराकरण कराने के भी निर्देश दिये। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के वर्ष 2023-24 के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना आवेदनों की समीक्षा के दौरान श्री गुरूप्रसाद ने संबंधित महाविद्यालयों को निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में श्री राकेश कुमार राठौर, जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग, नीमच, श्री सी.के. शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नीमच आदि विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**जितने प्रतिशत छात्रावास में प्रवेश -उतने प्रतिशत वेतन** -श्री गुरूप्रसाद ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में प्रवेश की समीक्षा के दौरान कहा कि विगत तीन शैक्षणिक सत्रों से कुछ छात्रावासों में सीटें निरंतर रिक्त रह रही है और स्वीकृत सीटों के विरूद्ध आधी सीटों पर भी प्रवेश नहीं होना संबंधित संस्थाओं के अधीक्षकों की घोर लापरवाही है। श्री गुरूप्रसाद ने छात्रावास अधीक्षकों को सख्त लहजे में कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में स्वीकृत सीटों के विरूद्ध शत-प्रतिशत अनिवार्य रूप से करवाना सुनिश्चित करें। स्वीकृत सीटों के विरूद्ध जितने प्रतिशत प्रवेश होगा उतने प्रतिशत वेतन दिया जायेगा।


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 41/2024 दिनांक 05.06.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रामगोपाल उर्फ गोपाल पिता जगदीश पाटीदार, निवासी-ग्राम-रिण्डा, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-रिण्डा, पटवारी हल्का न. 00105, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. एमपी249392024ए1687199, दिनांक 03.06.2024 से मेरे पक्षकार अंगुरबाला पति गोपाल पाटीदार, निवासी-ग्राम-रिण्डा, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में- गोपाल, पश्चिम में-दुर्गाशंकर, उत्तर में-शेष जमीन, दक्षिण में-बाजार रास्ता, पैमाईश रकबा-2000 वर्ग फीट या 185.80 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ग्रऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है. यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोज आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in